## नं.१२ असंयतसम्यग्दृष्टियोंके अपर्याप्त-आलाप.

| गु. | जी | प | प्रा | सं | ग | इं | का | यो | वे | क. | ज्ञा | संय | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १<br>अवि | १<br>सं. अ. | ६<br>अप. | ७<br>अप. | ४ | ४ | १<br>पं. | १<br>त्रस. | ३<br>औ. मि.१<br>वै. मि. १<br>कार्म. १ | २<br>स्त्री. विना. | ४ | ३<br>मति. श्रुत. अव | १<br>असं. | ३<br>के. द. विना. | द्र. २<br>का.शु.<br>भा. ६ | १<br>भ | ३<br>औ.<br>क्षा.<br>क्षायो. | १<br>सं. | २<br>आहार<br>अनाहार | २<br>साकार<br>अनाकार |

संजदासंजदाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एओ जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, चत्तारि सण्णाओ, दो गदीओ, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, तिण्णि णाणाणि, संजमासंजम, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छ लेस्साओ, भावेण तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साओ; केइं सरीरणिव्वत्तणट्ठफमागद-परमाणु वण्णं घेत्तूण संजदासंजदादीणं भावलेस्सं परू वयंति। तण्ण घडदे, कुदो? दव्व-भावलेस्साणं भेदाभावादो 'लिम्पतीति लेश्या' इति वचन व्याघाताच्च। कम्म-लेव-हेदुत्तादो२ (मु. हेदुदो) जोग-कसाया चेव भाव-लेस्से त्ति गेण्हिदव्वं।

--------------------------------

सम्यक्त्वके आगे संज्ञिक, आहारक, अनाहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

संयतासंयत जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक पांचवा गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, चारों संज्ञाएं, तिर्यंच और मनुष्य ये दो गतियां, पंचेन्द्रिय जाति, त्रसकाय, चार मनोयोग, चार वचनयोग और औदारिककाय ये नौ योग, तीनों वेद, चारों कषायें, आदिके तीन ज्ञान, संयमासंयम, आदिके तीन दर्शन, द्रव्यकी अपेक्षा छहो लेश्याएं, भावकी अपेक्षा तेज, पद्म और शुक्ललेश्याएं होती हैं।

कितने ही आचार्य, शरीर-रचनाके लिये आये हुए परमाणुओंके वर्णको लेकर संयता-संयतादि गुणस्थानवर्ती जीवोंको भावलेश्याका वर्णन करते हैं। किन्तु यह उनका कथन घटित नहीं होता है, क्योंकि, वैसा माननेपर द्रव्य और भावलेश्यामें फिर कोई भेद ही नहीं रह जाता है और 'जो लिम्पन करती है उसे लेश्या कहते हैं' इस आगम वचनका व्याघात भी होता है। इसलिये 'कर्मलेपका कारण होनेसे योग और कषायसे अनुरंजित प्रवृत्ति ही भावलेश्या है' ऐसा अर्थ ग्रहण करना चाहिये।

--------------------------------

भवसिध्दीया, तिण्णी सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१३ ।

नं. १३ संयतासंयतोंकेआलाप.

| गु | जी | प | प्रा | सं. | ग | इं | का | यो | वे | क | ज्ञा | संय | द | ले. | भ | स. | संज्ञि | आ | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ देश | १ सं. प. | ६ | १० | ४ | २ म. ति. | १ पंचे | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ.१ | ३ | ४ | ३ मति श्रुत अव. | १ संयमा. | ३ के द. विना. | द्र. ६ भा. ३ शुभ. | १ भ. | ३ औ. क्षा. क्षायो. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

पमत्तसंजदाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, दो जीवसमासा, छप्पज्जत्तीओ, छ अपज्जत्तीओ वा, दसपाण-सत्तपाणा, चत्तारि सण्णाओ, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, एक्कारह जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, चत्तारि णाणाणि, तिण्णि संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छ लेस्साओ, भावेण तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साओ; भवसिध्दिया, तिण्णि सम्मत्ताणि, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१४।

नं. १४ प्रमत्तसंयत - आलाप

| गु. | जी. | प. | प्रा | सं. | ग. | इं | का | यो | वे | क | ज्ञा | संय | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प्रमत्त | २ सं. प. सं. अ. | ६ प. ६ अप. | १० प. ७ अप. | ४ | १ म. | १ पंचे | १ त्रस. | ११ म. ४ व. ४ औ. १ आहा. २ | ३ | ४ | ४ के विना. | ३ सा. छे. परि. | ३ के. द. विना. | द्र. ६ भा. ३ शुभ. | १ भ. | ३ औ. क्षा. क्षायो. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

--------------------------------

लेश्याओंके आगे भव्यसिध्दिक, तीनों सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते है

प्रमत्तसंयत जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक गुणस्थान, दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, छहों अपर्याप्तियां, दश प्राण, सात प्राण, चारों संज्ञाएं मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, ग्यारह योग, तीनों वेद, चारों कषाय, आदिके चार ज्ञान, सामायिक छेदोपस्थापना, और परिहारविशुध्दि ये

तीन संयम, आदिके तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे तेज, पद्म और शुक्ल लेश्या, भव्यसिध्दिक, तीनों सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

--------------------------------

अप्पमत्तसंजदाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, तिण्णि सण्णाओ, असादावेदणीयस्स उदीरणाभावादो आहारसण्णा अप्पमत्तसंजदस्स णत्थि। कारणभूद-कम्मोदय-संभवादो उवयारेण भय मेहुण-परिग्गहसण्णा अत्थि। मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, चत्तारि णाणाणि, तिण्णि संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण तेउ-पम्म-सुक्कलेस्साओ, भवसिध्दिया, तिण्णि सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१५।

अपुव्वकरणाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, तिण्णि सण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव

--------------------------------

अप्रमत्तसंयत जीवोंके ओघालाप कहनेपर-- एक सातवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, आहार, भय और मैथुन ये तीन संज्ञाएं होती हैं, क्योंकि, असातावेदनीय कर्मकी उदीरणाका अभाव हो जानेसे अप्रमत्तसंयतके आहारसंज्ञा नहीं होती है। किन्तु भय आदि संज्ञाओंके कारणभूत कर्मोंका उदय संभव है, इसलिये उपचारसे भय, मैथुन और परिग्रहसंज्ञाएं हैं। मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चार मनोयोग, चार वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, तीनों वेद, चारों कषायें, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक, छेदोपस्थापना और परिहारविशुध्दि ये तीन संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं और भावसे तेज पद्म और शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक ये तीन सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं ।

अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती जीवोंके ओघालाप कहनेपर--- एक आठवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, आहारसंज्ञाके विना शेष तीन संज्ञाएं-मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चार मनोयोग, चार वचनयोग, एक औदारिक, काययोग ये नौ योग होते हैं।

-------------------------------

नं. १५ अप्रमत्तसंयतोंके आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अप्र. | १ सं. प. | ६ | १० | ३ आहा. विना. | १ म. | १ पं | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ३ | ४ | ४ के विना. | ३ सा. छे. परि. | ३ के विना. | ६ द्र. ३ भा. शुभ. | १ भ. | ३ औ. क्षा. क्षायो. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

जोगा, ज्झाणीणमपुव्वकरणाणं भवदु णाम वचिबलस्स अत्थित्तं भासापज्जत्तिसण्णिद-पोग्गलखंध-जणिद-सत्ति-संभवादो१ (मु. सब्भावादो)। ण पुण वचिजोगो कायजोगो वा इदि? न, अन्तर्जल्पप्रयत्नस्य कायगतसूक्ष्मप्रयत्नस्य च तत्र सत्त्वात्। तिण्णि वेदा, चत्तारि कसाया, चत्तारि णाणाणि, परिहारसुध्दिसंजमेण विणा दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१६।

नं. १६ अपूर्वकरण-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अपू. | २ सं. प. | ६ | १० | ३ आहा. विना. | १ म. | १ पंचे. | १ त्रस. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ३ | ४ | ४ के विना. | ३ सा. छे. | ३ के द. विना. | द्र. ६ भा. १ शुक्ल. | १ भ. | ३ औ. क्षा. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

पढम-अणियट्टीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, दो सण्णा, अपुव्वकरणस्स चरिम-समए भयस्स उदीरणोदया णट्ठा तेण भयसण्णा णत्थि। मणुसगदी, पंचिदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, तिण्णि

--------------------------------

शंका --- ध्यानमें लीन अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती जीवोंके वचनबलका सद्‌भाव भले ही रहा आवे क्योंकि, भाषापर्याप्तिनामक पौद्‌गलिक स्कन्धोंसे उत्पन्न हुई शक्ति उनके पाई जाती है किन्तु उनके वचनयोग या काययोगका सद्‌भाव नहीं मानना चाहिए?

समाधान --- नहीं, क्योंकि, ध्यान-अवस्थामें भी अन्तर्जल्पके लिये प्रयत्नरुप वचनयोग और कायगत-सूक्ष्म-प्रयत्नरूप काययोगका सत्त्व अपूर्वकरण गुणस्थानवर्ती जीवोंके पाया ही जाता है इसलिये वहां वचनयोग और काययोग भी संभव हैं।

तीन वेद, चारों कषायें, केवलज्ञानके विना शेष चार ज्ञान, सामायिक और छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे केवल शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक,

औपशमिक, और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके प्रथम भागवर्ती जीवोंके ओघालाप कहनेपर--- एक नौवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, मैथुन और परिग्रह ये दो संज्ञाएं होती हैं। दो संज्ञाएं होनेका कारण यह है कि अपूर्वकरण गुणस्थानके अन्तिम समयमें भयकी उदीरणा तथा उदय नष्ट हो गये हैं, इसलिये यहांपर भयसंज्ञा नहीं है।

--------------------------------

वेदा, चत्तारि कसाया, चत्तारि णाणाणि, दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा१७।

नं. १७ अनिवृत्तिकरण-प्रथमभाग-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ नि. प्र. भा. | १ सं. प. | ६ | १० | २ मै. परि. | १ म. | १ पंचे. | १ त्रस. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ३ | ४ | ४ के विना. | २ सा. छे. | ३ के द. विना. | ६ द्र. १ भा. | १ भ. | २ औ. क्षा. | १ सं. | १ आहार | २ साकार अनाकार |

विदिय-ट्ठाण-ट्ठिद-अणियट्टीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, परिग्गहसण्णा, अंतरकरणं काऊण पुणो अंतोमुहुत्तं गंतूण वेदोदओ णट्ठो तेण मेहुणसण्णा

णत्थि। मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, चत्तारि कसाया, चत्तारि णाणाणि, दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं,

--------------------------------

उसके आगे मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चार मनोयोग, चार वचनयोग और औदारिक-काययोग ये नौ योग, तीनों वेद, चारों कषायें, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक और छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या; भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके द्वितीय भागवर्ती जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक नौवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशोंप्राण, परिग्रहसंज्ञा होती है। एक परिग्रह संज्ञाके होनेका यह कारण है कि अन्तरकरण करनेके अनन्तर अन्तर्मुहुर्त जाकर वेदका उदय नष्ट हो जाता है, इसलिये द्वितीय भागवर्ती जीवके मैथुन- संज्ञा नहीं रहती है। संज्ञा आलापके आगे मनुष्यगति, पंचेंद्रियजाति, त्रसकाय, पूर्वोक्त नौ योग, अपगतवेद, चारों कषायें, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक, छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं और भावसे शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञी, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

--------------------------------

सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंत्ति अणागारुवजुत्ता वा१८।

नं. १८ अनिवृत्तिकरण-द्वितीयभाग-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १<br>अनि.<br>द्वि.<br>भा. | १<br>सं.<br>प. | ६ | १० | १<br>परि. | १<br>म. | १<br>पंचे. | १<br>त्रस. | ९<br>म. ४<br>व. ४<br>औ. १ | ०<br>अपग. | ४ | ४<br>केविना | २<br>सा.<br>छे. | ३<br>केद.<br>विना. | ६<br>द्र. १<br>भा. | १<br>भ. | २<br>औ.<br>क्षा. | १<br>सं. | १<br>आहा | २<br>साकार<br>अनाकार |

तदिय-ट्ठाण-ट्ठिद-अणियट्टीणं भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छप्पज्जत्तीओ, दस पाणा, परिग्गहसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, तिण्णि कसाया, वेदेसु खैजेसु पुणा अंतोमुहुत्तं गंतूण कोधोदयो णस्सदि तेण कोधकसाओ णत्थि। चत्तारि णाणाणि, दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा[१९]।

नं. १९ अनिवृत्तिकरण-तृतीयभाग-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | सं. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ नि. तृ. भा. | १ सं. प. | ६ | १० | १ प रि. | १ म. | १ पं चे. | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ० अ प ग. | ३ क्रो. वि ना. | ४ के वि ना. | २ सा. छे. | ३ के. द्र. वि ना. | ६ द्र. १ भा. | १ भ. | २ औ. क्षा. | १ सं. | १ आ हा | २ साकार अनाकार |

चउत्थ-ट्ठाण१ (मु. चउट्ठाण )-ट्ठिद-अणियट्टीणं भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, एगो जीव-

-------------------------------

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके तृतीय भागवर्ती जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक नौवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, परिग्रहसंज्ञा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, पूर्वोक्त नौ योग, क्रोधकषायके बिना तीन कषायें होती हैं। तीन कषायोंके होनेका यह कारण है कि तीनों वेदोंके क्षय हो जाने पर पुन: एक अन्तर्मुहूर्त जाकर क्रोधकषायका उदय नष्ट हो जाता है, इसलिये इस भागमें क्रोधकषाय नहीं है। आगे केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक और छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके चतुर्थभागवर्ती जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक नौवां गुणस्थान एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, एक परिग्रह संज्ञा,

-------------------------------

समासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, परिग्गहसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, दो कसाया, कोधोदए विणट्ठे पुणो अंतोमुहूत्तं गंतूण माणोदओ वि णस्सदि तेण माणकसाओ तत्थ णत्थि। चत्तारि णाणाणि, दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा२०।

## नं. २० अनिवृत्तिकरण-चतुर्थभाग-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ नि. च तु. भा. | १ सं. प. | ६ | १० | १ प. | १ म. | १ पं चे. | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ० अ प ग. | २ मा या. लो भ. | ४ के वि ना. | २ सा. छे. | ३ के द. वि ना. | ६ द्र. १ भा. | १ भ. | २ औ. क्षा. | १ सं. | १ आ हा | २ सा का र अ ना का र |

पंचम-ट्ठाण-ट्ठिद-अणियट्टीणं भण्णमाणे अत्थि एयं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छप्पज्जत्तीओ, दस पाणा, परिग्गहसण्णा, मणुसगदी, पंचिदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, लोभकसाओ, माणोदये विणट्ठे पुणो अंतोमुहुत्तं गंतूण माओदओ वि णस्सदि तेण मायकसाओ तत्थ णत्थि। चत्तारि णाणाणि दो संजमा, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेसाओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दीया, दो

--------------------------------

मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, पूर्वोक्त नौ योग, अपगतवेद, माया और लोभ ये दो कषायें होती हैं। दो कषायोंके होनेका यह कारण है कि क्रोधकषायके उदय नष्ट होने पर पुनः एक अन्तमुहूर्त आगे जाकर मानकषायका उदय भी नष्ट हो जाता है इसलिये मानकषाय इस भागवर्ती जीवोंके नहीं है। आगे केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक और छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

अनिवृत्तिकरण गुणस्थानके पंचम भागवर्ती जीवोंके ओघालाप कहनेपर--- एक नौवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, परिग्रहसंज्ञा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, पूर्वोक्त नौ योग, अपगतवेद, लोभकषाय है। लोभकषाय होनेका यह कारण है कि मानकषायके उदयके नष्ट हो जाने पर पुनः एक अन्तमुहूर्त आगे जाकर मायाकषायका उदय भी नष्ट हो जाता है, इसलिए मायाकषाय इस भागमें नहीं है। आगे केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सामायिक और छेदोपस्थापना ये दो संयम, केवलदर्शनके बिना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

--------------------------------

सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा२१।

नं. २१ अनिवृत्तिकरण-पंचमभाग-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का. | यो. | वे. | क. | ज्ञा. | संय. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि. | आ. | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ नि. पं च. भा. | १ सं. प. | ६ | १० | १ प. | १ | १ पं चे. | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ . १ | ० अ प ग. | १ | ४ के | २ सा. छे. | ३ के द. वि ना . | ६ द्र. १ भा. | १ भ. | २ औ . क्षा . | १ सं. | १ आ हा . | २ सा का र अ ना का र |

सुहुमसांपराइयाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छप्पज्जत्तीओ, दस पाणा, सुहुमपरिग्गहसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, सुहुमलोभकसाओ, चत्तारि णाणाणि, सुहुमसांपराइयसुध्दिसंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा२२।

नं. २२ सूक्ष्मसाम्पराय - आलाप.

| गु. | जी . | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का . | यो. | वे. | क. | ज्ञा . | सं य. | द. | ले. | भ. | स. | संज्ञि | आ . | उ. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ सू. | १ सं. प. | ६ | १० | १ सू. प. | १ म. | १ पं चे. | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ . १ | ० | १ सू. लो . | ४ के वि ना. | १ सू क्ष्म . | ३ के द. वि ना. | ६ द्र. १ भा. शु. | १ भ. | २ औ . क्षा . | १ सं. | १ आ हा . | २ सा का र अ ना का र |

उवसंतकसायाणमोघालावे भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो-छप्पज्जत्तीओ, दस पाणा, उवसंतसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव

--------------------------------

सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानवर्ती जीवोंके ओघालाप कहनेपर--- एक दशवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, सूक्ष्म परिग्रहसंज्ञा, मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिक काययोग ये नौ योग, अपगतवेद, सूक्ष्म लोभकषाय, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, सूक्ष्म-साम्परायविशुध्दि संयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या, भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

उपशान्तकषाय गुणवर्ती जीवोंके ओघालाप कहनेपर--- एक ग्यारहवां गुणस्थान, एक संज्ञी-पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, उपशान्तसंज्ञा होती है। संज्ञाके उपशान्त होने का यह कारण है कि यहांपर मोहनीय कर्मका पूर्ण उपशम रहता है, इसलिये उसके निमित्तसे होनेवाली संज्ञाएं भी उपशान्तही रहती हैं, अतएव यहां उपशान्तसंज्ञा कही। आगे

--------------------------------

जोगा, अवगदवेदो, उवसंतकसाओ, चत्तारि णाणाणि, जहाक्खादसुध्दिसंजमो, तिण्णि दंसणाणि, दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; केण कारणेण सुक्कलेस्सा? कम्म-णोकम्म-लेव-णिमित्त-जोगो अत्थि त्ति। भवसिध्दिया, दो सम्मत्तं, सण्णिणो, आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा२३ ।

नं. २३ उपशान्तकषाय - आलाप.

| ग. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का | यो | वे. | क. | ज्ञा. | संय | द | ले | भ | सं. | संज्ञि. | आ. | उ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ उप. | १ संप. | ६ | १० | ० उप. | १ म. | १ प. | १ त्रस. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ० अपग. | ० अक. | ४ के. वि. | १ यथा. | ३ केद विना. | द्र. ६ भा. १ शु. | १ सं. | २ औ. क्षा. | १ सं. | १ आहा. | २ साकार अनाकार |

खीणकसायाणं भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, एगो जीवसमासो, छ पज्जत्तीओ, दस पाणा, खीणसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, णव जोगा, अवगदवेदो, खीणकसाओ, चत्तारि णाणाणि, जहाक्खादसुध्दिसंजमो, तिण्णि दंसणाणि दव्वेण छल्लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा, भवसिध्दिया, खइयसम्मत्तं, सण्णिणो,

--------------------------------

मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, अपगतवेद, उपशान्तकषाय, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान, यथाख्यातशुध्दिसंयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या होती है।

शंका --- जब कि इस गुणस्थानमें कषायोंका उदय नहीं पाया जाता है, तो फिर यहां शुक्ललेश्या किस कारणसे कही?

समाधान --- यहां पर कर्म और नोकर्मके लेपके निमित्तभूत योगका सद्भाव पाया जाता है, इसलिये शुक्ललेश्या कही है।

लेश्याके आगे भव्यसिध्दिक, औपशमिक और क्षायिक ये दो सम्यक्त्व, संज्ञिक आहारक, साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

क्षीणकषाय गुणस्थानवर्ती जीवोंके ओघालाप कहने पर--- एक बारहवां गुणस्थान, एक संज्ञी पर्याप्त जीवसमास, छहों पर्याप्तियां, दशों प्राण, क्षीणसंज्ञा होती है। क्षीणसंज्ञाके होनेका यह कारण है कि कषायोंका यहां पर सर्वथा क्षय हो जाता है, इसलिये संज्ञाओंका क्षीण हो जाना स्वाभाविक ही है। आगे मनुष्यगति, पंचेन्द्रियजाति, त्रसकाय, चारों मनोयोग, चारों वचनयोग और औदारिककाययोग ये नौ योग, अपगतवेद, क्षीणकषाय, केवलज्ञानके विना चार ज्ञान यथाख्यातशुध्दिसंयम, केवलदर्शनके विना तीन दर्शन, द्रव्यसे छहों लेश्याएं, भावसे शुक्ललेश्या भव्यसिध्दिक, क्षायिक सम्यक्त्व, संज्ञिक, आहारक साकारोपयोगी और अनाकारोपयोगी होते हैं।

--------------------------------

आहारिणो, सागारुवजुत्ता वा होंति अणागारुवजुत्ता वा२४ ।

## नंबर २४ क्षीणकषाय-आलाप.

| गु. | जी. | प. | प्रा. | सं. | ग. | इं. | का | यो | वे. | क. | ज्ञा. | संय | द | ले | भ | सं. | संज्ञि. | आ. | उ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ क्षीण. | १ सं प. | ६ | १० | ० क्षी | १ म. | १ पं. | १ त्र स. | ९ म. ४ व. ४ औ. १ | ० अप. | ० क्षीण. | ४ के विना | १ यथा. | ३ के. द. विना. | द्र. ६ भा. १ शु. | १ भ. | २ क्षा. | १ सं. | १ आ. | २ साकार अनाकार |

सजोगिकेवलीणं भण्णमाणे अत्थि एगं गुणट्ठाणं, दो जीवसमासा, छप्पज्जत्तीओ, छ अपज्जत्तीओ, केवली कवाड-पदर-लोगपूरण-गओ पज्जत्तो अपज्जत्तो वा? ण ताव पज्जत्तो, ओरालियमिस्सकायजोगो अपज्जत्ताणं१ (जी. सं. सू. ७६.) इच्चेदेण सुत्तेण तस्स अपज्जत्तत्तसिद्धीदो। सजोगिं मोत्तूण अण्णे ओरालियमिस्स-कायजोगिणो-अपज्जत्ता-सम्मा-मिच्छाइट्ठि-संजदा-संजदसंजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता२ (जी. सं. सू. ९०.) त्ति सुत्त-णिद्देसादो। ण, आहारमिस्सकाय-जोगपमत्तसंजदाणं पि पज्जत्तयत्त-प्पसंगादो।

--------------------------------

सयोगिकेवलियोंके ओघालाप कहने पर--- एक तेरहवां गुणस्थान, संज्ञी-पर्याप्त और संज्ञी-अपर्याप्त ये दो जीवसमास, छहों पर्याप्तियां और छहों अपर्याप्तियां होती हैं।

शंका --- कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातको प्राप्त केवली पर्याप्त हैं या अपर्याप्त?

समाधान --- उन्हें पर्याप्त तो माना नहीं जा सकता, क्योंकि, 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता है' इस सूत्रसे उनके अपर्याप्तपना सिध्द है, इसलिये वे अपर्याप्तक ही हैं।

शंका --- सम्यग्मिथ्यादृष्टि, संयतासंयत और संयतोंके स्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक होते हैं, इस प्रकार सूत्र-निर्देश होनेके कारण यही सिध्द होता है कि सयोगीको छोडकर अन्य औदारिकमिश्रकाययोगवाले जीव अपर्याप्तक हैं। यहां शंकाकारका यह अभिप्राय है कि औदारिकमिश्रयोगवाले जीव अपर्याप्तक होते हैं यह सामान्य विधि है और सम्यग्मिथ्यादृष्टि संयतासंयत और संयत जीव पर्याप्तक होते हैं यह विशेष विधि है और संयतोंमें सयोगियोंका अन्तर्भाव हो ही जाता है। अतएव 'विशेषविधिना सामान्यविधिर्बाध्यते' इस नियमके अनुसार उक्त विशेषविधिसे सामान्यविधि बाधित हो जाती है जिससे कपाटादि समुद्घातगत केवलीको अपर्याप्त सिध्द करना असंभव है?

समाधान --- ऐसा नहीं है, क्योंकि, यदि 'विशेषविधिसे सामान्यविधि बाधित होती है' इस नियमके अनुसार 'औदारिकमिश्रकाययोगवाले जीव अपर्याप्तक होते हैं' यह

--------------------------------

ण च एवं, 'आहारमिस्सकायजोगो अपज्जत्ताणं १ (जी. सं. सू. ७८. ) त्ति सुत्तेण तस्स अपज्जत्तभावसिद्धीदो । अणवगासत्तादो२ (अन्तरंगादप्यपवादो बलीयान् । परि. शे. पृ. ३५८. येन नाप्राप्ते यो विधिरारभ्यते स तस्य बाधको भवति। येन नाप्राप्ते इत्यस्य यत्कर्तृकावश्यकप्राप्तावित्यर्थो नञ्व्दयस्य प्रकृतार्थदार्ढ्यबोधकत्वात्। एवं च विशेषशास्त्रोद्देश्यविशेषधर्मावच्छिन्नवृत्तिसामान्यधर्मावच्छिद्देश्यकशास्त्रस्य विशेषशास्त्रेण बाध:। तदप्राप्तियोग्येऽचारितार्थ्य ह्येतस्य बाधकत्वे बीजम्। परि. शे. ३५९. ३६८. ) एदेण सुत्तेण ' संजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता३ (जी. सं. स. ९०.) त्ति एदं सुत्तं बाहिज्जदि , ओरालियमिस्सकायजोगो अपज्जत्ताणं ४ (जी. सं. सू. ७६.)' त्ति एदेण ण बाहिज्जादि सावगासत्तेण बलाभावादो५ (अपवादो यदन्यत्र चरितार्थस्तर्हि अन्तरंगेण बाध्यते निरवकाशत्वरुपस्य बाधकत्वबीज-स्याभावात् परि. शे. पृ. ३८६.)' ण, 'संजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता३ (जी. सं. सू. ९०.)९०.)' त्ति एदस्स वि

--------------------------------

सामान्य - विधि 'सम्यग्मिथ्यादृष्टि आदि पर्याप्तक होते हैं' इससे बाधी जाती है तो आहारमिश्रकाययोगवाले प्रमत्तसंयतोंको भी पर्याप्त ही मानना पडेगा, क्योंकि, वे भी संयत हैं। किंतु ऐसा नहीं है, क्योंकि, 'आहारमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता है' इस सूत्रसे वे अपर्याप्तक ही सिध्द होते हैं।

शंका --- 'आहारमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके ही होता है ' यह सूत्र अनवकाश है, अर्थात् इस सूत्रकी प्रवृत्तिके लिये कोई दूसरा स्थल नहीं है, अत: इस सूत्रसे 'संयतोंके स्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक ही होते हैं' यह सूत्र बाधा जाता है। किंतु औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके ही होता है। इस सूत्रसे 'संयतोंके स्थानमें जीव पर्याप्तक ही होते हैं' यह सूत्र नहीं बाधा जाता, क्योंकि,

'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता हैं' यह सूत्र सावकाश होनेके कारण, अर्थात्, इस सूत्रकी प्रवृत्तिके लिये संयोगियोंको छोडकर अन्य स्थल भी होनेके कारण, निर्बल है। अत: आहारकसमुद्‌घातगत जीवोंके जिस प्रकार अपर्याप्तपना सिध्द किया जा सकता है उस प्रकार समुद्‌घातगत केवलियोंके नहीं किया जा सकता है?

समाधान --- नहीं, क्योंकि, 'संयतोंके स्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक होता है' यह सूत्र भी सावकाश देखा जाता है, अर्थात्, सयोगीको छोडकर अन्य स्थलमें भी इस सूत्रकी प्रवृत्ति देखी जाती है, अत: निर्बल है और इसलिये 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंकेही होता है' इस सूत्रकी प्रवृत्तिको नहीं रोक सकता है।

शंका --- पूर्वोक्त समाधानसे यद्यपि यह सिध्द हो गया कि पूर्वोक्त दोनों सूत्र सावकाश होते हुए भी सयोगी गुणस्थानमें युगपत् प्राप्त हैं, फिर भी 'परो विधिर्बाधको भवति' अर्थात् पर विधि बाधक होती है, इस नियमके अनुसार 'संयतोंके स्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक होते हैं' इस सूत्रके व्दारा 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंकेही होता है' यह सूत्र बाधा जाता है, क्योंकि, यह सूत्र पर है?

समाधान --- नहीं, क्योंकि, 'परो विधिर्बाधको भवति' इस विषयमें पर शब्द इष्ट अर्थात् अभिप्रेत अर्थका वाचक है, पर शब्दका ऐसा अर्थ लेनेपर जिस प्रकार 'संयतस्थानमें

--------------------------------

सुत्तस्स सावगासत्तदंसणादो। सजोगिट्ठाणं दोसु वि सुत्तेसु सावगासेसु जुगवं ढुक्केसु 'संजदट्ठाणे णियमा पज्जत्ता१ (जी. सं. सू. ९०.)' त्ति एदेण सुत्तेण ओरालियमिस्सकायजोगो अपज्जत्ताणं २ (जी. सं. सू. ७६.)' त्ति एदं सुत्तं बाहिज्जदि परत्तादो ३ (पूर्वात्परं बलवत् विप्रतिषेधशास्त्रात् (विप्रतिषेधे पर कार्यमिति सूत्रात्) पूर्वस्य परं बाधकमिति यावत् परि. शे. पृ. २३७.)। ण, परसद्दो इट्ठवाचओ४ (विप्रतिषेधसूत्रस्थपरशब्दस्येष्टवाचित्वम्। परि. शे. पृ. २४५.) त्ति घेप्पमाणे पुव्वेण बाहिज्जदि त्ति अणेयंतियादो । णियम-सद्दो सप्पओजणो णिप्पओजणो वा? ण विदिय-पक्खो, पुप्फयंत-वयण-

विणिग्गयस्स णिप्फलत्तविरोहादो। ण चेदस्स सुत्तस्स णिच्चत्त सुत्तस्स णिच्चत्त५ (कृताकृतप्रसंगि नित्यं तव्दिपरीतमनित्यम् । परि. शे. पृ. २५०.) पयासणं फलं६ (मु. पयासणफलं।), णियम-सद्द-वदिरित्त-सुत्ताणमणिच्चत्तप्पसंगादो। ण, च एवं, 'ओरालियकायजोगो पज्जत्ताणं७ (जी. सं. सू. ७६.)' त्ति सुत्ते णियमाभावेण अपज्जत्तेसु वि

--------------------------------

जीव नियमसे पर्याप्तक होते हैं' इस सूत्रसे 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता हैं' यह सूत्र बाधा जाता है, उसी प्रकार पूर्व अर्थात् 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता हैं' सूत्र भी बाधा जाता है, अत: शंकाकारके पूर्वोक्त कथनमें अनेकान्त दोष आ जाता है।

शंका --- जब कि कपाट-समुद्घातगत केव्रली-अवस्थामें अभिप्रेत होनेके कारण 'औदारिकमिश्रकाययोग अपर्याप्तकोंके होता है' यह सूत्र पर है तो 'संयतस्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक होते हैं' इस सूत्रमें आये हुए नियम शब्दकी क्या सार्थकता रह गई? और ऐसी अवस्थामें यह प्रश्न उत्पन्न होता है कि उक्त सूत्रमें आया हुआ नियम शब्द सप्रयोजन है कि निष्प्रयोजन?

समाधान --- इन दोनों विकल्पोंमेंसे दूसरा विकल्प तो माना नहीं जा सकता है, क्योंकि, पुष्पदन्तके वचनसे निकले हुए तत्त्वमें निरर्थकताका होना विरुध्द है। और सूत्रकी नित्यताका प्रकाशन करना भी नियमसे शब्दका फल नहीं हो सकता है, क्योंकि, ऐसा माननेपर जिन सूत्रोंमें नियम शब्द नहीं पाया जाता है उन्हें अनित्यताका प्रसंग आ जायगा। परंतु ऐसा नहीं है, क्योंकि, ऐसा माननेपर 'औदारिककाययोग पर्याप्तकोंके होता हैं' इस सूत्रमें नियम शब्दका अभाव होनेसे अपर्याप्तकोंमे भी औदारिककाययोगके अस्तित्वका प्रसंग प्राप्त होगा, जो कि इष्ट नहीं है। अत: सूत्रमें आया हुआ नियम शब्द ज्ञापक है नियामक नहीं। यदि ऐसा न माना जाय तो उसको अनर्थकपनेका प्रसंग आ जायगा।

शंका --- इस नियम शब्दके व्दारा क्या ज्ञापित होता है?

समाधान --- इससे यह ज्ञापित होता है कि 'सम्यग्मिथ्यादृष्टि संयतासंयत और संयतस्थानमें जीव नियमसे पर्याप्तक होते हैं' यह सूत्र अनित्य है। अपने विषयमें सर्वत्र समान

--------------------------------

ओरालियकायजोगस्स अत्थित्त-प्पसंगादो। तदो णियम-सद्दो णावओ। अण्णहा अणत्थयत्त-प्पसंगादो। किमेदेण जाणाविज्जदि? 'सम्मामिच्छाइट्ठि-संजदासंजद-संजद-ट्ठाणे णियमा पज्जत्ता१ (जी. सं. सू. ९०) त्ति एदं सुत्तमणिच्चमिदि तेण उत्तरसरीरमुट्ठाविद-सम्मामिच्छाइट्ठि-संजदासंजद-संजदाण कवाड-पदर-लोगपूरण-गद-सजोगीणं च सिध्दमपज्जत्तं २ (मु. मपज्जत्तं)।

अध्दारध्दसरीरो३ (मु. सरीरी।) अपज्जत्तो णाम। ण च सजोगिम्मि सरीरादवणमत्थि४ (मु. पट्ठवणमत्थि।), तदो ण तस्स अपज्जत्तत्तमिदि ण, छ-पज्जत्ति-सत्ति-वज्जियस्स अपज्जत्त-ववएसादो।

--------------------------------

प्रवृत्तिका नाम नित्यता है और अपने विषयमें ही कहीं प्रवृत्ति हो और कहीं न हो इसका नाम अनित्यता हो। इससे उत्तरशरीरको उत्पन्न करनेवाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि, और संयतासंयतोंके तथा कपाट, प्रतर और लोकपूरण समुद्घातको प्राप्त केवलियोंके अपर्याप्तपना सिध्द हो जाता है।

विशेषार्थ --- 'सम्मामिच्छाइट्ठि-संजदासंजद संजद-ट्ठाणे णियमा पज्जत्ता' इस सूत्रको अनित्य बतलाकर उत्तरशरीरको उत्पन्न करनेवाले सम्यग्मिथ्यादृष्टि और संयतासंयतोंको भी जो अपर्याप्तक सिध्द किया है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि तीसरे गुणस्थानमें उत्तर-वैक्रियिक और उत्तर-औदारिक तथा पांचवे गुणस्थानमें उत्तर-औदारिकको उत्पन्न करनेवाले जीव जबतक उस उत्तर-शरीरकी पूर्णता नहीं कर लेते हैं तबतक अपर्याप्तक कहे गये हैं। जिस प्रकार तेरहवें गुणस्थानमें पर्याप्त नामकर्मका उदय रहते हुए और शरीरकी पूर्णता होते हुए भी योगकी अपूर्णतासे जीव अपर्याप्तक कहा जाता है, उसी प्रकार यहांपर भी पर्याप्त नामकर्मका उदय रहते हुए, योगकी पूर्णता रहते हुए और मूल शरीरकी भी पूर्णता रहते हुए केवल उत्तर शरीरकी अपूर्णतासे अपर्याप्तक कहा गया है।

शंका --- जिसका आरंभ किया हुआ शरीर अर्ध अर्थात् अपूर्ण है उसे अपर्याप्त कहते हैं। परंतु सयोंगी-अवस्थामें शरीरको आरंभ तो होता नहीं, अतः सयोगीके अपर्याप्तपना नहीं बन सकता है?

समाधान --- नहीं, क्योंकि, कपाटादि समुद्घात-अवस्थामें सयोगी छह पर्याप्तिरुप शक्तिसे रहित होते हैं, अतएव उन्हें अपर्याप्त कहा है।

सयोगी जिनके पांच भावेन्द्रियां और भावमन नहीं रहता है, अत: इन छहके विना चार प्राण पाये जाते हैं। तथा समुद्घातकी अपर्याप्त अवस्थामें वचनबल और श्वासोच्छ्वासका अभाव हो जानेसे, अथवा तेरहवें गुणस्थानके अन्तमें आयु और काय ये दो ही प्राण पाये जाते हैं। परंतु कितने ही आचार्य द्रव्येन्द्रियोंकी अस्तित्वकी अपेक्षा दश प्राण कहते है; परंतु उनका

--------------------------------

छहि इंदिएहि विणा चत्तारि पाणा दो वा। दव्विंदियाणं अत्थित्तं१ (मु. णिप्पत्तिं।) पडुच्च केवि दस पाणे भणंति। तण्ण घडदे। कुदो? भाविंदियाभावादो। भाविंदियं णाम पंचण्हमिंदियाणं खओवसमो। ण सो खीणावरणे अत्थि। अध दव्विंदियस्स जदि गहणं कीरदि तो सण्णीणमपज्जत्तकाले सत्त पाणा फिट्टिदूण२ (मु. पिंडिदूण।) दो चेव पाणा भवंति पंचण्हं दव्वेदियाणभावादो। तम्हा सयोगिकेवलिस्स चत्तारि पाणा दो पाणा३ (मु. पाणा वा।) भवंति। खीणसण्णा, मणुसगदी, पंचिंदियजादी, तसकाओ, सत्त जोगा, सच्चमणजोगो असच्चमोसमणजोगो सच्चवचिजोगो असच्चमोस-वचिजोगो ओरालियकायजोगो कवाडगदस्स ओरालियमिस्सकायजोगो पदर-लोगपूरणेसु कम्मइयकायजोगो एवं सजोगि-केवलिस्स सत्त जोगा भवंति। अवगदवेदो, अकसाओ, केवलणाणं, जहाक्खादसुध्दिसंजमो, केवलदंसणं, दव्वेण छ लेस्साओ, भावेण सुक्कलेस्सा; भवसिध्दिया, खइयसम्मत्तं, णेव सण्णिणो णेव असण्णिणो, आहारिणो, अणाहारिणो, सागार-अणागारेहिं जुगवदुवजुत्ता होंति ।२५